Re: Establishment of Kendriya Vidyalaya in Amreli Parliamentary Constituency

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली)**:** मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में एक नया केंद्रीय विद्यायल स्थापित करने का प्रस्ताव के.वी.एस. संगठन की ओर से अनुमोदित है**,** परंतु अब तक Challenging Method Committee एवं Public Investment Board की मीटिंग न होने के कारण अब तक विद्यालय के निर्माण कार्य हेतु मंत्रालय की ओर से अंतिम आदेश लंबित है, जिसके कारण विद्यालय के निर्माण कार्य की निविदा प्रक्रिया में देरी हो रही है । उक्त विलंब से विद्यार्थियों का पठन-पाठन कार्य प्रभावित न हो इसके लिए के.वी.एस. रीजनल कार्यालय द्वारा अमरेली में स्थित एक भवन में अस्थाई रूप से केंद्रीय विद्यालय का शैक्षणिक सत्र प्रारंभ करने का प्रस्ताव भी के.वी.एस. मुख्यालय को मंजूरी के लिए भेजा गया है । उक्त दोनों कार्य की अंतिम मंजूरी हेतु Challenging Method Committee एवं Public Investment Board की मीटिंग अति आवश्यक है ।

अत: माननीय मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि जल्द से जल्द Challenging Method Committee एवं Public Investment Board की मीटिंग बुलाई जाए, जिससे उक्त दोनों प्रस्तावों को अंतिम मंजूरी प्राप्त हो सके और अमरेली में एक के.वी.एस. स्कूल के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके ।

HON. CHAIRPERSON: Shri Rajiv Pratap Rudy ? Not Present.

Shri Unmesh Bhaiyyasaheb Patil.